# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


# नवरात्रि में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, अतिरिक्त कोच भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है। वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।


### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा, आवागमन होगा सुगम

**डोंगरगढ़ स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव**

20843 बिलासपुर-भगत की कोठी
20844 भगत की कोठी-बिलासपुर
20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
12852 चेन्नई बिलासपुर एक्सप्रेस
12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



### रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर

2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।

### इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्यौहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेगी।

## दोनों दलों के पार्षदों ने अफसरों पर जताई नाराजगी, कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# नामकरण को लेकर जमकर हंगामा, पार्षदों के बीच हाथापाई, सभी विषय सर्वसम्मति से पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**नगरीय निकाय चुनाव से पहले आयोजित इस शहर सरकार की अंतिम सामान्य सभा संभावना के अनुरूप हंगामेदार रही। नामकरण के एक विषय को लेकर कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के वाद-विवाद की स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि सदन को ही पंद्रह मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। इसके अलावा भी कई मामलों को लेकर दोनों दलों के बीच जमकर बहस देखने को मिली। वाद-विवाद के बीच सभी 11 विषय सर्वसम्मति से पास हो गए।**

शहर सरकार के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा हंगामेदार रही। सदन शुरू होने के बाद प्रश्नकाल के दौरान ही हंगामा शुरू हो गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हावी रहे। सदन में हंगामे के चलते 15 मिनट के लिए अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई स्थगित भी किया। सामान्य सभा की बैठक में शहर विकास का मुद्दा नजर नहीं आया। सत्ता पक्ष और विपक्ष नामकरण में मुद्दे पर ही घंटों बहस में उलझे रहे। इस दौरान सदन में प्रशनकाल के बाद पहला विषय शहर के गंज चौक का नामकरण आचार्य विद्यासागर जी महाराज के नाम पर रखने का आया, जिस पर लगभग साढ़े तीन घंटे चर्चा होती रही और इसके बाद यह विषय सर्वसम्मति से पास किया गया।

### पार्षद ने किया वॉकआउट

राजीव नगर की सड़क चौड़ीकरण, आवासीय पट्टा और नाले पर अतिक्रमण के चलते जल भराव की स्थिति को लेकर स्थानीय पार्षद ऋषि शास्त्री ने सदन में अपनी बात रखी, लेकिन कार्रवाई के संबंध में अधिकारियों द्वारा जवाब नहीं दिए जाने के चलते उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया और निगम सभागृह के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्हें कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोग मनाने भी पहुंचे, लेकिन पार्षद ने सदन के भीतर प्रवेश नहीं किया। एक बार उन्हें जबर्दस्ती उठाकर सदन में ले गए, इसके बाद फिर सदन से निकलकर धरना देने बैठ गए।





### मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक

शहर के मानव मंदिर चौक के नामकरण को लेकर सदन में इस विषय को गतल तरीके से लाने का विरोध हुआ। वहीं चौक में शाईन बोर्ड लगाने का सुधाव आया और यह विषय सदन में चर्चा के दौरान सर्व सम्मति से पारित किया गया।

### दूसरे दिन की कार्रवाई के लिए सदन स्थगित

सामान्य सभा में आज नामकरण के 4 विषय पर ही चर्चा हुई। वहीं रात लगभग 9:15 बजे तक चली बैठक में अन्य 7 विषय पर चर्चा के लिए सदन दूसरे दिन के लिए स्थगित किया गया। सदन की कार्रवाई मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे शुरू होगी।

**11 विषयों पर सामान्य सभा :** वर्तमान कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा में 11 विषय रखे गए थे। जिसमें से चार विषय चौक-चौराहों और मार्गों के नामकरण के लिए लाए गए थे। वहीं अन्य विषय स्वर्ग रथ का निःशुल्क निर्धारण, फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदनों की स्वीकृति, जाति प्रमाण पत्र, हाट बाजार व्यावसायिक परिसर सहित स्टेशन रोड की दुकानों के संदर्भ में लाए गए थे, जिस पर पार्षदों ने सदन में चर्चा की। इस दौरान पहला विषय गंज चौक के नामकरण को ही पास होने में 3 घंटे लग गए। जबकि यह विषय सदन में सर्वसम्मति से पास किया गया। वहीं दूसरे विषय में सहमति नहीं बनने पर वोटिंग कराई गई। जिसमें सत्तापक्ष का बहुमत होने से यह विषय पास किया गया।

### प्रश्नों के गोलमोल जवाब से पार्षद नाराज

प्रश्नकाल के दौरान पार्षदों द्वारा लगाए गए प्रश्नों का गोलमोल जवाब देने और आधी-अधूरी जानकारी देने का मुद्दा भी सदन में छाया रहा। इस दौरान सत्ता पक्ष कांग्रेस और विपक्ष की भाजपा पार्षदों ने अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई।

### हंगामेदार रहा माहौल

नगर निगम की सामान्य सभा के दौरान नामकरण के दूसरे विषय में तिरंगा चौक से गंज चौक मार्ग का नाम महेश मार्ग किए जाने विषय पर चर्चा के दौरान भाजपा पार्षद शरद सिन्हा और कांग्रेस पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन गणेश पवार के बीच हाथापाई की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान सदन के बीच ही दोनों धक्का-मुक्की करने लगे, जिसे अन्य पार्षदों ने बीच-बचाव करते छुड़ाया।

# युवक की चाकू से हत्या चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के तुलसीपुर रेलवे फाटक के पास पुरानी रंजिश के चलते रविवार को दिन दहाडे हुए युवक की हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से स्प्रींगदार धारदार चाकू एवं दो बाइक व दो मोबाइल जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को दोपहर के समय कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर रेलवे फाटक के पास बख्तावर चाल गली नं. 1 तुलसीपुर निवासी ईश्वर उर्फ बहादुर बंसोड 40 वर्ष से पुराने विवाद के चलते चार आरोपियों ने गाली-गलौज व मारपीट करते चाकू से हमला कर दिया था, जिसे घायल अवस्था में उपचार हेतु जिला शासकीय अस्पताल बसंतपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा चेकअप करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### सीसीटीवी से मिला सुराग

पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, फुटेज के आधार पर चार आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हर्षु पिता सुखबिंदर सिंह 24 वर्ष संगम चौक, पलाश मेश्राम पिता प्रकाश मेश्राम 21 वर्ष ममता नगर गली नं. 7, करण टाकरी पिता शंकर टाकरी 22 वर्ष सोनार चाल मोतीपुर एवं अरमान खान उर्फ अफसार सिद्दकी पिता रमजान सिद्दकी 19 वर्ष अंडरब्रिज के पास ममता नगर का घटना में शामिल होना पता चलने पर उक्त आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**चाकू, बाइक व मोबाइल बरामद**

आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार स्प्रींगदार चाकू, दो बाइक एवं 2 मोबाइल जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### आरोपियों को पकड़ने टीम गठित

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। कोतवाली थाना में इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों को पकड़ने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।


संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

सामान्य सर्जरी General Surgeon

- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


**माय एंगल**





# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तालाब मेढ के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे इसमें दबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुकुलदैहान निवासी बाबूराम कृष्णदास वैष्णव उम्र लगभग 75 वर्ष ट्रैक्टर चला रहे थे। वे तालाब मेढ के पास पहुंचे ही थे कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे हुए उक्त घटना की जानकारी जैसे ही गांव के लोगों को हुई, घटनास्थल पर भीड़ एकत्र हो गई थी। उक्त घटना से ग्राम सुकुलदैहान सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

# ओवरब्रिज पर छोटे-बड़े गड्ढे, हादसे का खतरा

## दोपहिया वाहनों में सफर करने वालों के लिए खतरा, मरम्मत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली रेलवे ओवरब्रिज पर इन दिनों दो-तीन जगह में गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की वजह से ओवरब्रिज के ऊपर दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। इस सड़क से नगर निगम का वास्ता नहीं होने के चलते ओवरब्रिज के उपर बने इन गड्ढे को भरने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चिखली की ओर से नगर निगम आने वाली साइट पर दो जगह पर बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होने से इन गढ्ढो में पानी भर जाता है और गड्ढे नजर नहीं आते हैं।



प्रतिदिन ओवरब्रिज के ऊपर से सैकड़ों भारी वाहन और हजारों लोगों का आवागमन होता है। गड्ढों की मरम्मत नहीं होने के चलते यह और बड़े हो रहे हैं। कई बार अचानक से सामने आने वाले इन गड्ढों को देखकर वाहन चालक ब्रेक मारते हैं और ओवरब्रिज में रफ्तार से पीछे चल रही वाहन से उनकी टक्कर हो जाती है।

### बच्चों के लिए खतरा

लगभग एक माह से ओवरब्रिज के ऊपर रेलवे लाइन वाले क्षेत्र में थोड़ी-थोड़ी दूर पर दो गड्ढे बने हुए हैं। जिसके चलते तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालकों के लिए यह खतरा है। वहीं रेलवे क्रॉसिंग के बंद होने से स्कूली बच्चों सहित साइकिल सवार लोग भी इसी ओवरब्रिज से आवागमन करते हैं। रात के वक्त ओवरब्रिज के ऊपर की स्ट्रीट लाइट भी कई बार बंद रहती है। जिसकी वजह से साइकिल सवारों को गड्ढा नजर नहीं आता है। ऐसे में कभी भी यहां गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

## तीनों जिलों में बारिश का कोटा पूरा, मोहला-मानपुर जिले में औसत से सर्वाधिक

# चार महीने के मानसून सीजन की 1127 मिमी वर्षा के साथ विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सितंबर महीने के अंत के साथ ही अब मानसून सीजन भी समाप्त हो गया है। अब होने वाली वर्षा के आंकड़े सरकारी तौर पर मानसून में नहीं जोड़े जाएंगे। जून से सितंबर के बीच चलने वाले मनसून सीजन में इस बार राजनांदगांव जिले में 1127 मिमी बारिश देखने को मिली। वहीं मोहला-मानपुर में 1213 व खैरागढ़ में 858 मिमी।

तीनों ही जिलों में कोटे से अधिक बारिश इस बार देखने को मिली है। सबसे बेहतर स्थिति मोहला-मानपुर की रही, जहां लगभग 19 फीसदी अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार मानसून ने राजनांदगांव सहित दोनों नए जिले में 20 जून को दस्तक दिया था। हालांकि जून महीने में तीनों ही जिलों में औसत से कम वर्षा देखने को मिली। राजनांदगांव जिले में जहां जून महीने में 99.8 मिमी बारिश हुई। वहीं मोहला-मानपुर में 109 व खैरागढ़ में 109.9 मिमी बरसात दर्ज की गई। जून तक तीनों जिला सामान्य बारिश से पीछे चल रहे थे। इसके बाद जुलाई महीना तीनों जिलों के लिए अच्छा रहा। इस महीने के अंत तक राजनांदगांव जिले में 614 मिमी, मोहला-मानपुर में 760 व खैरागढ़ में 427 मिमी बारिश हो चुकी थी। जुलाई में तीनों ही जिले औसत से आगे रहे। अगस्त महीना भी सामान्य ही रहा। हालांकि इस महीने के दूसरे पखवाड़े में लंबा मानसून ब्रेक देखने को मिला था। आंकड़ों के अनुसार अगस्त अंत तक राजनांदगांव में 845 मिमी, मोहला-मानपुर में 983 एवं खैरागढ़ जिले में 648 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

### अब ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका कोंकण से दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश तक 3.1 किमी से 5.8 किलोमीटर तक विस्तारित है। साथ ही प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण स्थानीय प्रभाव से प्रदेश में कल 01 अक्टूबर को एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।




### फसल के लिए पर्याप्त पानी, नदी-नाले भी लबालब

इस बार के मानसून में शुरूआत से बेहतर बारिश देखने को मिली। अगस्त के दूसरे पखवाड़े को छोड़ कर सभी दिन हल्की से मध्यम बारिश हुई है। ऐसे में तीनों ही जिले में धान, सोयाबीन, मक्का सहित अन्य फसल की खेती करने वाले किसानों को भी पानी की दिक्कतें नहीं हुई। नदी-नालों में भी जलभराव बेहतर स्थिति है।

### इतनी बारिश दर्ज

आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक बारिश मोहला-मानपुर जिले में दर्ज की गई है। मोहला-मानपुर में कुल 1213 मिमी बारिश हुई। यहां का औसत 1023 मिमी है। ऐसे में यहां 19 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। इसके बाद बेहतर स्थिति में खैरागढ़ जिला रहा। यहां 858 मिमी बारिश हुई। वहीं औसत 735 मिमी का है। ऐसे में 17 फीसदी अधिक बारिश यहां दर्ज किया गया। वहीं राजनांदगांव जिले में 1102 मिमी बारिश हुई। यहां का औसत 1027 मिमी बारिश का है। यहां सात फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है।


online Booking:-www.tripuryatra.com





रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर

स्पेशल ट्रेन

14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025

द्वारकाधीश धाम यात्रा

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road

संपर्क करें:-73544-11411

# छात्रों के हाथों सम्मानित होने पर होता है गर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न हुआ। शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय में शिक्षकों के लिए खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ आकर्षक सांस्कृतिक आयोजनों के बीच संपन्न हुआ। शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रचना पांडे प्राचार्य मौजूद रहे।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि शिक्षक दिवस मतलब शिक्षकों का दिन, यही वह दिन है, जब हर जगह विद्यार्थी अपने गुरू के प्रति आदर प्रकट करता है, उसे वह सम्मान देता है, वैसे देखा जाए तो शिक्षक आदर सम्मान प्राप्त करने के लिए किसी दिन का मोहताज नहीं है, परंतु एक विशेष दिन होने से वह उस दिन कुछ विशेष सम्मान पाता है और विद्यार्थियों को भी अपने गुरु की महिमा का पता चलता है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि शिक्षक दिवस एक ऐसा आयोजन है। जिसके लिए छात्र और शिक्षक दोनों समान रूप से तत्पर रहते हैं, जहां छात्रों को यह अपने शिक्षकों द्वारा उन्हें उचित शिक्षा देने के प्रयासों को समझने का मौका मिलता है। वही इस दिन शिक्षकों को उनके प्रयासों के लिए छात्रों के साथ अन्य तरीकों से मान्यता और सम्मानित होने का गर्व होता है।

कार्यक्रम का समापन करते विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने कहा कि एक शिक्षक वह होता है, जो अपने शिष्य के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा का काम करता है, फिर चाहे वह किसी भी आयु का हो। कार्यक्रम का संचालन दिनेश आमले, राखी गोस्वामी व तेजेंद्र साहू बीएड के विद्यार्थियों में किया। आयोजन में प्राध्यापक राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, आभा प्रजापति, सुधीर मिश्रा, सुमन साहू, ऐश्वर्या श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### पुरानी परंपरा

मुख्य अतिथि डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत में गुरु-शिष्य आदर की परंपरा बहुत पुरानी है। एक छात्र के जीवन में एक शिक्षक ही उसका भविष्य निर्माता होता है। हमारे देश में एकलव्य और आरुणि जैसे शिष्य भी हुए, जिन्होंने अपने गुरु के आदेश मात्र पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था और जन्म जन्मांतर तक के लिए अपना नाम अमर कर दिया, परंतु आज के समय में शिक्षा प्रणाली और गुरुओं की स्थिति में काफी परिवर्तन आया है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों का पुष्प माला व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार दिए गए। छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक आयोजन, खेल प्रतियोगिता, अनुभव कथन आदि गतिविधि की गई व सुंदर भजन भी प्रस्तुत किया गया।

## चिचदो में उल्लास आदर्श साक्षरता केंद्र का शुभारंभ

# अक्षर ज्ञान हासिल करेंगे चिचदो गांव के निरक्षर

### स्वयंसेवी युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम चिचदो में संचालित प्राथमिक शाला से उल्लास नव नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आदर्श साक्षरता केंद्र शुरू किया गया है। ब्लाक स्तरीय उल्लास कार्यक्रम केंद्र का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में एपीसी मनोज मरकाम, ब्लॉक नोडल क्षितिज सोरी उपस्थित थे।

शुभारंभ के मौके पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती सिंह ने बताया कि केंद्र प्रवर्तित यह योजना 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन लोगों के लिए प्रारंभ की गई है, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई नहीं किया है। इन लोगों को स्वयंसेवी द्वारा पठन-पाठन कराया जाएगा ताकि वह अंक ज्ञान, अक्षर ज्ञान प्राप्त कर सकें। सहायक परियोजना समन्वयक मनोज मरकाम ने शिक्षार्थियों से आग्रह किया कि वह नियमित पठन पाठन का लाभ उठाएं एवं अपने परिवार में शिक्षा का माहौल निर्मित करे। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों को इस कार्य से जुड़ने के लिए बधाई दी। उन्होंने ग्राम के असाक्षर लोगों को साक्षर बनने प्रेरित किया।




### स्वयंसेवी युवा पढ़ाएंगे

इस मौके पर निरक्षरों को पढ़ाने चयनित वॉलिंटियर्स नेहा कंवर, साधना ठाकरे, चुरेंद्र साहू, झलेश साहू, डिंपल साहू, भवानी शंकर साहू को कक्षा का संचालन, निरक्षर को साक्षर करने के संबंध में बताया गया। उल्लास साक्षरता से संबंधित पुस्तक कॉपी व पेन देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रधान पाठक रहमन दास साहू, शिक्षक रूपेंद्र देवांगन एवं शिक्षिका कोनिका सोनी ने किया। इस दौरान शाला समिति अध्यक्ष गणेश्वरी साहू एवं ग्राम का सिंगार करने हेतु श्रीमती सोनी द्वारा बनाई गई टीम के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह टीम ग्राम में हरियाली लाने और शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। टीम के सदस्य अब तक लगभग 300 पौधों का रोपण कर चुके हैं। इस दौरान श्रीमती सोनी ने गीत के माध्यम से असाक्षर लोगों को साक्षर बनने प्रेरित किया।

# नायब तहसीलदार सेवानिवृत्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- नवपदस्थ नायब तहसीलदार चौहान ने संभाला पदभार

तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार अशोक सिंह सोमवार को सेवानिवृत हो गए। उनके स्थान पर नायब तहसील राम लखन चौहान को पदस्थ हुए है। श्री चौहान में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। तहसील कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर नायब तहसीलदार श्री सिंह को ससम्मान विदाई दी गई एवं श्री चौहान का स्वागत किया गया। राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में तहसीलदार सोनित मेरिया, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, सरपंच फूलमती वर्मा, अधिवक्ता चंद्रेश वर्मा, पत्रकार इंद्रपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक रणजीत सिंह एवं हल्का पटवारी उपस्थित थे। इस मौके पर तहसीलदार श्री मेरिया ने सेवानिवृत नायब तहसीलदार श्री सिंह की कार्य शैली की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हे हमेशा कुशल व अनुशासित अधिकारी के रूप में जाना जाएगा। सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार श्री सिंह ने कहा कि सेवाकाल में जो भी जिम्मेदारी मिली उसे ईमानदारी और लगन पूरा करने का प्रयास किया है। पटवारी विजय साहू, अधिवक्ता चंद्रेश वर्मा सरपंच फूलमती वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन पटवारी नीरज श्रीवास्तव ने किया। अंत में श्री सिंह को श्रीफल, साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### वृद्धजनों का सम्मान 2 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायतों में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाया जाएगा। इसी दिन वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। जयंती मनाने के उपरांत ग्राम के वरिष्ठ, वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### डीसीए में घनेन्द्र प्रथम



**डोंगरगढ़।** जैन कंप्यूटर में गत दिनों डीसीए की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में घनेंद्र कुमार सारले ने प्रथम, अदिति शेंडे ने द्वितीय एवं निकिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को संचालक निशांत जैन ने बधाई दी है।

### बुद्ध प्रतिमा का अनावरण

**अंबागढ़ चौकी।** चौकी में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। हजारों लोगों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदंत सुरई ससाई थे। लोगों की भावनाओं को देखते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम के प्रयास से प्रतिमा स्थापित किया गया है। बस स्टैण्ड में स्थापित तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण भदंत सुरई ससाई ने त्रिशरण पंचशील के पश्चात किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, संजीव शाह, रितेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, संतराम रामटेके, प्रज्ञा गोडबोले, जोगीराव खोबरागड़े, मुकेश शुक्ला, हीरालाल गजभिए, विवेक आदि मौजूद थे।



### स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**मुसराकला।** बिना पूर्व सूचना दिए ग्राम में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाना शुरू कर दिया गया है। स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी देखने मिल रही है। लोगों का कहना है कि इससे सुविधा कम और परेशानी ज्यादा होगी। सरपंच कंवल निर्मलकर ने बताया कि विद्युत विभाग के ठेकेदार के कर्मचारियों ने घर-घर जाकर बिना स्मार्ट मीटर लगाना शुरू कर दिया है। मीटर लगाने के संबंध में कर्मचारियों के पास न कोई आदेश है और अनुमति पत्र। जब सरपंच ने इस संबंध में ठेकेदार से संपर्क कर जानकारी चाहा तो जानकारी देने के बजाए धमकी देने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि वह स्मार्ट मीटर लगवाने के पक्ष में नहीं है।



### अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी धर्मशाला में अग्रवंश के संस्थापक भगवान अग्रसेन की जयंती समारोह का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य अजय अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता सीए मयूर भूतिया ने की। विशेष अतिथि गोंदिया निवासी अनुराग अग्रवाल थे। स्वागताध्यक्ष प्रकाश बिंदल ने अतिथियों का स्वागत किया। गौशाला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल खन्ना, समाजसेवी गणेश नरेड़ी सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालन कन्हैया अग्रवाल ने किया।



### शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच

**डोंगरगढ़।** आरोग्य मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में स्व. अड़ी गणवीर की स्मृति में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिवर का लाभ उठाया। डॉ वीरू सिंह, डॉ प्रशांत चौधरी, डॉ वर्षा पाटिल ने बताया कि शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, फीवर, सामान्य बीमारी के लगभग 250 लोगों ने चेकअप करवाकर डॉक्टरो से सलाह लिया। शिविर में हॉस्पिटल के संचालक नरेंद्र पुष्पलता गणवीर, श्रीमती साहू, रामेश्वर साहू सहित अन्य ने अपनी सेवाएं दी।



### स्वच्छता का लिया संकल्प

**सड़क अतरिया।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत क्षेत्र की सभी पंचायत, स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर के छात्रों ने शाला परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया। घर, मोहल्ला में भी स्वच्छता बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर प्रधान पाठक एवं शिक्षक मौजूद थे।



### मन की बात का श्रवण

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 20 के बूथ क्रमांक 151 में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। इस दौरान रजा नगर बूथ प्रभारी, दुर्गेश साहू, बीएलओ कमलेश साहू, शंकर ध्रुव, भानमति साहू, पार्षद हरीश मोटघरे सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**डोंगरगांव।** आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत प्रशासन ने सोमवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री मोबाइल यूनिट में तैनात डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा भी वितरित किया गया। इसी कड़ी में कल 1 अक्टूबर को स्वच्छता मैराथन का आयोजन सुबह 7.30 बजे से रखा गया है। यह मैराथन नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर राजीव गाँधी चौक, मटिया होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय पहुंचेगी। नगर प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों से स्वच्छता मैराथन में हिस्सा लेने का आह्वान किया है।






### रासेयो स्वयंसेवकों ने की साफ सफाई

**डोंगरगांव।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बालिका प्रो. प्रियंकी गजभिये तथा प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में 30 सितंबर को गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत परिसर, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, सांस्कृतिक मंच के आसपास तथा गलियों में साफ सफाई किया। स्वच्छता के नारे लगाकर ग्रामीणों को आसपास सफाई करने का आव्हान किया। अभियान में स्वयंसेवक सत्यम, पुनीता, कनिष्का, देवनारायण माली, आकाश बोरकर आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265


AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and 2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and 3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and 4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR 1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and 2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

# धर्मगुरु का जोशीला स्वागत

**गंडई पंडरिया।** बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र प्रतापी राजा गुरु बालक दास की जयंती पर रविवार को खैरागढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के धर्मगुरु खुशवंत शामिल हुए। उनके प्रवास के दौरान सतनामी समाज के राजमहंतो एवं युवाओं ने मैन चौक में आतिशबाजी कर अखाड़ा दल, डीजे और पंथी नृत्य के साथ स्वागत किया। समाज के लोगों ने आरती पूजा कर अभिनंदन किया। इस दौरान जीवनदास रात्रे, किशुन मिर्चे, दिलीप ओगरे, विक्की कुर्रे, राकेश टंडन, सुमन पाटले, संजय मनहरे, राजू टोंडर, आत्मा मनहरे, कुमार रात्रे, जितेंद्र बंजारे, सुकालू महिलांगे, पवन बघेल, फूलचंद बांगड़े, राजेंद्र टंडन, सतन रात्रे, रवि कुर्रे, नारायण चतुर्वेदी, डीके रात्रे, जयचंद टंडन, कुणाल मिर्चे, राजेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।



## पूर्व सांसद के पुत्र ने निजी जमीन पर अवैध पार्किंग पर जतायी आपत्ति

**डोंगरगढ़।** पूर्व सांसद शिवेन्द्र बहादुर सिंह के पुत्र भवानी बहादुर सिंह ने लाल निवास के समीप स्थित भूमि को कार पार्किंग हेतु अलॉट नहीं करने की मांग की है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी सहित थाना को प्रेषित पत्र में बताया कि लाल निवास के पास उनके स्वामित्व वाला रिक्त भूखंड है जिसे चार दीवारी एवं गेट लगाकर घेर कर सुरक्षित रखा गया है। यहां अनाधिकृत रूप से कुछ लोग नवरात्रि के दौरान कार पार्किंग करते है। यहां अवैध वसूली करने के अलावा अक्सर मारपीट की घटना होते रहती है। वाहनों की आवाजाही से ध्वनि एवं वायु प्रदुषण होता है। असामाजिक तत्वों के जमावडा होने से जान माल का खतरा उत्पन्न हो जाता है जिसे देखते हुए उन्होंने उक्त स्थल पर किसी भी व्यक्ति को वाहन पार्किंग की अनुमति नहीं देने की मांग की है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मदिरा दुकानें बंद रहेंगी 2 को

**मोहला।** गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की समस्त देशी मदिरा दुकानें (सीएस 2) (घ) और समस्त विदेशी मदिरा दुकानें (एफएल1) (घ) पूर्णतः बंद रहेंगी।

### कवि राव चंद्रवरदाई की मनाई गई जयंती



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राव भाट समाज के राष्ट्रीय सचिव के तत्वावधान में रायपुर में हिंदी साहित्य के प्रथम महाकाव्य पृथ्वी राज रासो के रचयिता समाज के वीर पुरूष कवि राव चंद्रवरदाई की 876वीं जयंती उत्सव धूमधाम से मनाई गई। जयंती उत्सव पर संगोष्ठी, कवि सम्मेलन आयोजित कर इस दिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव छविराम राव, उपाध्यक्ष तिलक भट्ट, सचिव देवचरण राव, श्रवण कुमार भाट, रवि राव, खेलन भाई, राजेश भट्ट, नीलेश्वर भट्ट सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### घनश्याम ने सम्हाला अध्यक्ष का कार्यभार



**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव के अध्यक्ष युवराज ढिरहेर की अध्यक्षता एवं जिला समिति के पदाधिकारी महामंत्री कमलेश लहरे व कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे की उपस्थिति में ब्लॉक डोंगरगांव सतनामी सेवा समिति के निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष घनश्याम दास कुर्रे, कोषाध्यक्ष भोला गायकवाड़, सचिव दुकालू मारकंडे, महामंत्री विक्रमय लहरे, महिला उपाध्यक्ष ममता लहरे ने पूर्व पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यभार सौंपकर शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी समिति के कार्यालय प्रभारी एवं मुख्य प्रवक्ता वासुदेव जोशी ने दी।

### अधूरे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण करने पत्र

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा विगत दिनों से चल रहे निर्माणाधीन अधूरे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण करने के संबंध में 28 सितंबर को एक प्रतिनिधि मंडल ने राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को उनके निवास पर पत्र प्रेषित किया गया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अधूरे ट्रीटमेंट प्लांट को राजनांदगांव की जनता के मंशानुसार पूर्ण करना आवश्यक हो गया है, ताकि गंदा पानी साफ होकर बूढ़ासागर में प्रवेश करें। उक्त संदर्भ में डॉ. रमन सिंह द्वारा प्लांट को पूर्ण कराने हेतु सहमति दी गई। पत्र ग्रहण कर आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला देबू, घनश्याम वैष्णव, धनराज सोनी, डीसी श्रीवास्तव, योगेश सोनी, मनोज यादव, संतोष धीवर, प्रिंस अविराज, अशोक देवांगन, मनोज साहू, कृष्ण मोहन तथा जनहित मोर्चा के सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी मोर्चा के सचिव नागेश श्रीवास्तव ने दी।

### पंजवानी 24वीं बार बने दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण नवदुर्गा उत्सव समिति चौखड़ियापारा वार्ड नं. 41 ने सिंधी धर्मशाला के पीछे शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गोत्सव हेतु आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पूर्व पार्षद एवं सिंधु एकादमी के डायरेक्टर व कांग्रेस नेता अशोक पंजवानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, लेकिन पंजवानी ने इसे अस्वीकार करते कहा कि 23 वर्षों से मैंने सेवा की है, अब अन्य सदस्यों को मौका दिया जाना चाहिए। श्री पंजवानी का यह कथन सुनकर मोहल्लेवासियों ने खड़े होकर पंजवानी से निवेदन किया कि आपका विचार श्रेष्ठ है, लेकिन हम आपके अलावा अन्य किसी को अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त नहीं मानते। आपने जो सेवा की है, वह और कोई नहीं कर सकता, इसलिए हम सब मिलकर आपको ही अपना अध्यक्ष नियुक्त करते हैं। पंजवानी मोहल्लेवासियों की बात मानते सभी को शुभकामनाएं देते कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सभी कार्यक्रम एवं भंडारा धूमधाम से करेंगे।

### तीन युवाओं को मिला अवार्ड




**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्रमांक 13 गौरीनगर में रहने वाले ऋषभ गढ़े को दुर्ग में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूदा साल के लिए बेस्ट डीजे एवं फारफार्मर का अवार्ड दिया गया है। द वेडिंग हिरोज द्वारा आयोजित इस आयोजन में उन्हें उनके द्वारा विगत सालों में किए गए कामों को लेकर यह अवार्ड दिया गया है। उनके साथ ही शहर के ही ओटू-एसआरके नाम से पहचाने जाने वाले सूर्यकांत एवं श्रीकांत श्रीवास्तव को भी इस अवार्ड से नवाजा गया है।

## 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का किया लोकार्पण

# आंगनबाड़ी भोथीपारखुर्द एवं रेवाडीह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी सोमवार को झारखंड राज्य की राजधानी रांची के शौर्य सभागार में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिले के सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र भोथीपारखुर्द एवं रेवाडीह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व टीम उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी ने सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र भोथीपार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बातचीत की। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आपका आंगनबाड़ी केन्द्र सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में परिणित हुआ है। इससे जो परिवर्तन आए हैं, उसके संबंध में चर्चा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में 6 माह से 3 वर्ष तक के 16 बच्चे हैं।

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनने से यहां परिवर्तन आया है। आंगनबाड़ी केन्द्र में किचन गार्डन के रूप में पोषण वाटिका विकसित की गई है। जिसमें पालक, भाजी-सब्जी, फल एवं अन्य पौष्टिक सामग्री प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि पोषण वाटिका से बहुत फायदा है। इससे प्रेरित होकर अभिभावक स्वयं भी अपने घरों में बना रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में शहतूत, केला, पपीता, बादाम, आम, जाम तथा सब्जियों में पालक, फूलगोभी, मिर्ची, ग्वार फल्ली, मूली एवं अन्य सब्जियां लगाई गई है। गांव में बच्चों के पोषण के लिए घर-घर पोषण वाटिका बनाए जा रहे हैं। बच्चों के सुपोषण के लिए पौष्टिक आहार, खानपान के संबंध में जागरूकता लाने कार्य कर रहे हैं। बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से बाल कविता, लघु फिल्म, कहानी दिखाई जा रही है। जिससे वे जल्दी सीख रहे हैं। सुपोषण चौपाल, टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य की सही जानकारी देते यह बताते हैं कि बच्चा मध्यम कुपोषित है या सामान्य। इसके अनुसार उन्हें पौष्टिक आहार दिया जाता है। बच्चे नर्सरी में जैसे पढ़ते हैं, वेसे ही यहां पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। पेंटिंग के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र की आकर्षक साज-सज्जा की गई है। जिससे बच्चे पढ़ने प्रोत्साहित हो रहे हैं। झारखंड राज्य के राज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास ने जिले में बनाए गए पोषण वाटिका की प्रशंसा की।

### किचन गार्डन की तर्ज पर सुपोषण वाटिका

गौरतलब है कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सुपोषण माह के अंतर्गत विशेष तौर पर कार्य किया गया। उनके निर्देश पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में किचन गार्डन की तर्ज पर सुपोषण वाटिका बनाए जा रहे है। कलेक्टर स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने सुपोषण के लिए जिले में जनसामान्य में जागरूकता लाने सुपोषण चौपाल के माध्यम से अभिभावकों को पौष्टिक आहार, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाली माताएं एवं उनके नन्हें बच्चे भी उपस्थित थे। पौष्टिक आहार का संदेश देते अन्न से बने सुपोषण कलश को सजाया गया था। वहीं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध चीला, गुझिया, सूजी के लड्डू, खीर, खुरमी, अंकुरित अनाज, अईरसा, गुलगुला भजिया, एवं अन्य व्यंजनों के संबंध में सभी को जानकारी दी गई तथा माताओं को बच्चों को रागी, कोदो, कुटकी, दाल, मक्का, चावल, बाजरा, मुंग, अरहर, गेहूं एवं अन्य खाद्यान्न का उपयोग करने की सलाह दी गई। फलों और सब्जियों से स्टॉल को सजाया गया था। उल्लेखनीय है कि देशभर में 11 हजार सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में 2 आंनबाड़ी केन्द्र भोथीपारखुर्द एवं रेवाडीह को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए चयनित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल एवं शिक्षा, पोषण वाटिका, एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना, आरओ मशीन के माध्यम से स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 1 से 30 सितम्बर तक संचालित था। जिसका समापन किया गया।

## दो साल बाद भी मेला स्थल में विकास अधूरा, समिति ने की विधायक से शिकायत

**राजनांदगांव।** क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष डॉ.डीसी जैन के नेतृत्व में उनसे भेंट कर मेला स्थल के विकास कार्यों के संबंध में उनका ध्यान आकर्षित किया।

समिति द्वारा विधायक को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मेला स्थल के सौंदर्यीकरण हेतु शासन द्वारा दो वर्ष पूर्व 2 करोड़ रुपए दिए गए थे। जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा स्वागत द्वार, सीमेंट कंक्रीट रोड, सांस्कृतिक मंच एवं सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य का ठेका 7–8 महीने पूर्व दिया गया था, परंतु सभी कार्य अधूरे हैं। इस संबंध में समिति अध्यक्ष द्वारा नगर निगम आयुक्त से भेंट कर लिखित व मौखिक शिकायत भी की गई। प्रस्तावित सीमेंट कांक्रीट रोड पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है। तीन महीने से काम बंद है।

कांक्रीट रोड के बजाय सांस्कृतिक मंच के आसपास टाइल लगाने की तैयारी की जा रही है। नदी तट घाट के संधारण का उत्तरदायी जल संसाधन विभाग है, परंतु वहां निगम द्वारा टाइल लगवाए जा रहे हैं। समिति द्वारा समिति के प्रतिनिधियों में विधायक का ध्यान आकर्षित करते बताया है कि निगम द्वारा जिस गति से कार्य कराया जा रहा है, उससे यह प्रतीत नहीं होता कि चालू निर्माण कार्य मेले के पूर्व कराया जा सकेंगे।

# खेल से युवाओं को मिलेगा बेहतर भविष्य

■ विक्रांत ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम करममतरा में क्रीड़ा मण्डल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में एकदिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए साथ ही अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह ने की।

कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना करते हुए उद्घाटन किया गया तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में युवा कबड्डी के खेल से विमुख होते जा रहे हैं।

जबकि पूर्वजों के जमाने से गांव देहात में कबड्डी खेले जाने का प्रचलन रहा है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं, जो शारीरिक और मानसिक विकास करने में सक्षम नहीं है। श्री सिंह ने आगे कहा कि करमतरा में ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजित किया जाना एक सराहनीय कदम है। इसी कड़ी में आयश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम हिस्सा बताया।

इस दौरान श्रीमती लीला मिनेश साहू, जयप्रकाश साहू, यादवराम साहू, राधेचरण साहू, नरेंद्र साहू, हेमचन्द वर्मा, तिलक वर्मा, हरकराम साहू, तेजेश्वर साहू, परदेशी साहू, चन्द्रेश साहू, भूपेंद्र वर्मा, गजरु साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महावीर स्मार्ट सिटी ने आयोजित किया रात्रिकालीन सद्भावना क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के फरहद चौक स्थित महावीर स्मार्ट सिटी में दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं और पुरूषों की अलग-अलग टीमों ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल किया।

शहर के महावीर स्मार्ट सिटी द्वारा फरहद चौक के समीप निर्मित स्मार्ट सिटी में सभी को एकजुट करते खेल और मनोरंजन का वातावरण निर्मित करने सद्भावना फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार पुरूष टीम, दो महिला टीम और बच्चों की टीम के अलावा पुरूष वर्ग में महावीर कंपनी की टीम ने हिस्सा लिया। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार की रात खेला गया। जिसमें महावीर कंपनी की टीम रनर अप रही। वहीं बालक वर्ग, महिला वर्ग और पुरूष वर्ग की विजेता टीमों सहित उपविजेता टीमों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। वहीं व्यक्तिगत पुरस्कार से भी सभी वर्ग में टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### टर्फ नेट ग्राउंड में आयोजित

महावीर स्मार्ट सिटी में बने भव्य टर्फ नेट ग्राउंड में यह क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खासा रोमांच था। वहीं पुरूष वर्ग की टीम ने भी दमखम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दिनभर के कामकाज से मुक्त होकर रात्रिकालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेते लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

### दूधिया रोशनी में रोमांचक खेल

पारिवारिक माहौल में आयोजित किए गए इस फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम में खासा उत्साह रहा। इस टीम में कामकाजी और गृहिणी महिलाएं भी शामिल हुई, जहां उन्होंने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। 2 दिवसीय इस टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं की टीम में गजब का उत्साह नजर आया।

### महिला क्रिकेट टीम में गजब का उत्साह

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के इस आयोजन का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग और महावीर ग्रुप से जुड़े पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ के रिटायर्ड अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर ग्रुप के शिवम बोहरा, विकास बोहरा, प्रशांत बोहरा सहित दुष्यंत अवस्थी, अमित श्रीवास्तव, राकेश नेताम एवं सुपरवाईजर विवेक सहित बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में आज फैशन-शो



**राजनांदगांव।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज के बच्चों, युवक, युवतियों, पुरूषों तथा महिलाओं की सहभागिता कार्यक्रमों में निरंतर बढ़ रही है। अग्रजनों द्वारा मिल रहे अच्छे प्रतिसाद से आयोजन प्रभारी भी उत्साहित होकर कार्यक्रमों को और अधिक रूचिकर एवं बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं।

मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसी कड़ी में कल 1 अक्टूबर को महिला मंडल द्वारा युवतियों एवं महिलाओं के लिए वेस्ट मटेरियल के परिधान से फैशन शो का यूनिक आयोजन किया जाएगा। साथ ही बच्चों का फैंसी ड्रेस, प्रांतीय वेशभूषा, युवतियों के लिए तारक मेहता का उल्टा चश्मा किरदार प्ले करना एवं आकस्मिक प्रतियोगिता रखी गई है। नवयुवक मंडल द्वारा स्लो स्कूटी, लेडीज स्लो साइकिल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड, नींबू दौड़ सभी में किड्स जूनियर सीनियर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अग्रवाल सभा अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, सचिव रिना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने सभी अग्र परिवारों से कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

## राजा गुरु बालकदास समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम

# गुरु बालकदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास के पुत्र राजा गुरु बालकदास की जयंती के उपलक्ष्य में राजा गुरु बालकदास समिति के तत्वावधान में 29 सितंबर को खैरागढ़ में विविध आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु आरंग विधायक खुशवंत, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रतिकरण छग शासन एवं समस्त सतनामी समाज जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई की उपस्तिथि में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा में गुरु बालकदास की झांकी को साउंड सिस्टम, पंथी व अखाड़ा के साथ स्व दिलीप सिंह मंगल भवन से रैली के रूप में निकाली गई जिसको इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से बस स्टैंड से मुख्य मार्ग होते हुए इतवारी बाजार से खैरागढ़ नगर भ्रमण कर पुनः शोभा यात्रा दिलीप सिंह मंगल भवन पहुंची।

सफल कार्यक्रम को लेकर गुरु बालकदास समिति के अध्यक्ष उमेश कोठले ने आयोजक समिति के संरक्षक शत्रुहन घृतलहरे, कमलेश कोठले, संदीप सिरमौर, ज्ञानदास बंजारे, कार्यक्रम प्रभारी यशवंत कोठले, सह प्रभारी गणेश मार्कण्डेय, उपाध्यक्ष पप्पू पात्रे, सचिव दीनू प्रकाश भारती, सह प्रभारी गणेश मार्कण्डेय, राकेश पात्रे, लक्ष्मण लहरे, अजय डहरे के साथ समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

### बड़ी संख्या में रही समाज के लोगों की उपस्थिति

शोभा यात्रा में सतनामी समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु खुशवंत ने सभा को संबोधित किया गया। जिसमे गुरु खुशवंत ने राजा गुरु बालकदास की जीवनी उनके द्वारा सर्वसमाज के लिए किए संघर्ष, उनके राजा बनने से लेकर उनके बलिदान का इतिहास बताया साथ ही गुरु घासीदास के उपदेशों को बताया जिसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में 1500 से अधिक की संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

# भटिन्डा में प्रो.डॉ.राजन का विशेष व्याख्यान



**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो राजन यादव ने पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय भठिन्डा में राष्ट्रीय एकता में हिंदी की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के आरंभ में प्रो यादव का सम्मान हिन्दी विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सेन, डॉ राजकुमार उपाध्याय एवं डॉ दीपक पाण्डेय के द्वारा शाल और गीता भेंट कर किया गया। हिन्दी पखवाडा 2024 के तहत 26 एवं 27 सितम्बर को देश में टाप के 100 विश्वविद्यालयों में 84 वां स्थान रखने वाले पंजाब विश्वविद्यालय रिसर्च और नवाचारों के मामले में बहुचर्चित है। प्रो यादव ने बताया कि भाषा संस्कृति का अभिन्न अंग है। ये अपने जन्म काल से संतों की भाषा रही है। हिन्दी हमें आपस में जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।महात्मा गांधी ने इसके माध्यम से आजादी की पूरी लड़ाई लड़ी।

### द्वितीय दिवस विद्यार्थियों से संवाद

कार्यक्रम में प्रो यादव ने जनपदीय साहित्य का महत्व एवं लोक साहित्य की संप्रेषणीयता पर प्रकाश डाला।शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्रो यादव ने अनेक प्रान्तों के जनपदीय साहित्य से सोदाहरण दिया। प्रो यादव ने अपनी पुरस्कृत पुस्तक तुलसी तरंग विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी को भेंट की। हिन्दी पखवाडा के समापन समारोह में भी प्रो राजन यादव शामिल हुए जिसमें मुख्य अतिथि शिव प्रसाद शुक्ल राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, अध्यक्ष आचार्य राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री आचार्य हरमोहिन्दर बेदी कुलाधिपति केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश थे।

बुकिंग प्रारंभ
नवरात्र ऑफर के लिए संपर्क करें

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
JOHN DEERE

टेक्नोलॉजी
जो बदल दे
आपकी जिंदगी

#BeTheCoolFarmer

नया PowerTech™
5075E
AC Cab

अब नए अवतार में
ए.सी. केबिन के साथ

किसान भाईयों के लिए
भीषण गर्मी में भी
भरपूर कुलिंग के साथ
आरामदायक सुविधा



GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बॅक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
राइट हैंड (दाहिने हाथ) की ओर कंसोल
आर्म रेस्ट के साथ एडजस्टेबल डीलक्स सीट
पीछे का दरवाज़ा बाहर की ओर खुलता हुआ (उत्कृष्ट पीछे की दृश्यता)
टिल्ट और टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग
इलेक्ट्रॉनिक हैंड थ्रोटल
जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
सभी ट्रैक्टरों पर
TremIV
*शर्तें लागू.

अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे,कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांचः- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव,
अंबागढ़ चौकी 8103024569 । चिचोला । गण्डई
संपर्क 9977184777, 8120006476, 9406011166 । सर्विसः- 8120006480, 8120001601

अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर- खैरागढ़ (02), राजनांदगांव (02), अंबागढ़ चौकी (01)/ ड्राईवर- राजनांदगांव (01), खैरागढ़ (01) की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 8120006476, 9977184777

महिला-बाल विकास विभाग के राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का सफल आयोजन

# पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में शामिल करना जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप-प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को सुपोषित भारत सुपोषित छत्तीसगढ़ का सन्देश दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजना से राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभिन्न व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किए गए विभिन्न गतिविधिओं का स्टॉल लगाकर मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों से बच्चों का अन्नप्रासन और गर्भवती माताओ को पोषण टोकरी का वितरण कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा किए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण को दूर करने और बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण माह 1 से 30 सितम्बर का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संदेश देते हुए कहा कि पोषण माह के अच्छे अभ्यासों को आंगनबाड़ी केन्द्र की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल करना जरूरी है। जिले के सभी बाल विकास सेवा परियोजनो से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा टीचिंग लर्निंग मटेरियल की प्रदर्शनी लगाई गई थी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं एवं किशोरियों के लिए एनीमिया कैंप लगाया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कैम्प लगाया गया था, जिसमें छात्राओं किशोरियों और महिलाओं ने अपनी जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

कार्यक्रम में अतिथि जनप्रतिनिधि एवं जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभिन्न पोषक व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल और इस दौरान किए गए विभिन्न गतिविधिओं का लगे स्टॉल एवं प्रदर्शनी का भ्रमण कर आवलोकन किया। पोषक व्यंजन प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कूकदूर, द्वितीय बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा एवं तृतीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना कुण्डा एवं टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बाल विकास सेवा परियोजना सहसपुर लोहारा, द्वितीय बाल विकास सेवा परियोजना पण्डरिया एवं तृतीय स्थान बाल विकास सेवा परियोजना दशरंगपुर पोषक व्यंजनों, टीचिंग लर्निंग मटेरियल एवं इस दौरान किए गए विभिन्न गतिविधिओं का लगे स्टॉल एवं प्रदर्शनी में बाल विकास सेवा परियोजना बोड़ला ने सद्भावना पुरूस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, रामकुमार भट्ट, श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, मनहरण कौशिक, उमंग पाण्डेय, जसविंदर बग्गा व पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रदान कर सभी को संबोधित कर प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय पोषण माह में शामिल हुए जिले प्रतिनिधि गण




उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा कुपोषण के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। पोषण अभियान में व्यवहार परिवर्तन एवं संप्रेषण को एक प्रमुख घटक रखा गया है। समुदाय तक पहुंच बढ़ाने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी पोषण अभियान अंतर्गत सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के लिए 6 मुख्य थीम अनुसार गतिविधियां किया गया एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रोद्योगिकी, समग्र पोषण। माह भर चले इस आयोजन में पोषण माह के दौरान शीघ्र स्तनपान एवं 06 माह तक संपूर्ण स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना है। साथ ही पोषण माह के दौरान पोषण वाटिका का निर्माण को बढ़ावा दिया जाना है। परिवारों समुदायों द्वारा पौष्टिक सब्जियां, फलदायक पौधों को घर की बाड़ियों, सामुदायिक बाड़ियां, बंजर भूमियों में रोपण करने, छतों में पोषण वाटिका निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# 10 अक्टूबर को होगी सिंदूर की भव्य महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार के मुख्य पुजारी स्वपनिल उपाध्याय ने बताया कि श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार की ओर से लगातार 8 वर्षो से भव्य दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है। सबसे अलग पूजा के विधान के नाम से इस दुर्गापूजा को जाना जाता है। 2017 से प्रारम्भ हुए दुर्गापूजा में सबसे पहले मां दुर्गा, 2018 में माता पार्वती, 2019 में मां त्रिपुरसुंदरी, 2020 में मां महागौरी, 2021 में श्री अर्धनारीश्वर, 2022 में माता शर्वाणी, 2023 में माता रुद्राणी की भव्य प्रतिमा रखी गई तथा इस वर्ष शारदीय नवरात्र में मां कामाक्षी की अद्भुत मूर्ति स्थापित किया जाएगा। इस दुर्गापूजा की सबसे बड़ी बात ये है कि यहां के अपने सबसे अनूठे विधान के लिए जाना जाता है, इस वर्ष 03 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे दुर्गापूजा में प्रथम दिन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा, वही 06 अक्टूबर तृतीया पर रात्रि 12 बजे महानिशा पूजा, 08 अक्टूबर पंचमी पर सौभाग्य पूजन, भव्य फूलों से माता रानी का अर्चना किया जाएगा, 10 अक्टूबर सप्तमी को इस दुर्गापूजा की बसे बड़ी पूजा सिंदूर दान व सिंदूर की महाआरती किया जाएगा, 11 अक्टूबर अष्टमी को हवन व कन्या भोज, 12 अक्टूबर को महानवमी पर विसर्जन पूजा तथा 14 अक्टूबर को माता की विदाई का कार्यक्रम किया जाएगा। इस दुर्गापूजा को भव्य बनाने के लिए समिति के आचार्य सुमित भारद्वाज, समिति प्रमुख पदाधिकारियों अभिनव तिवारी, डेविड खत्री, दीपक चन्द्रवंशी, संतोष झारिया, प्रकाश देवांगन, देवा चन्द्रवंशी, बृजमोहन कुंभकार, सूर्या झरिया, चित्रांगत साहू, हेमंत साहू व महिला समिति सहित समस्त शहरवासियों का विशेष सहयोग तथा सिंदूर महाआरती पर माताओं को सिंदूर महाआरती में अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने अपील की गई।

## रेडियंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रेडियंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कवर्धा में सोमवार को आयुष्मान पखवाड़ा अभियान चलाया गया। अब तक किसी कारण वश किसी हितग्राही का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, इस अभियान में सभी पात्र-हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु सुनिश्चित करें। आयुष्मान पखवाड़ा शिविर में अतिथि के रूप में डारेक्टर अशोका पब्लिक पवन देवांगन, श्रीमती शारिका देवांगन, प्रदेश सोशल मिडिया प्रभारी दुर्गेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सतविंदर पाहुजा उपस्थित थी। आयुष्मान पंजीयन के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय-समय पर सरकार के द्वारा किया जा रहा है। आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत सभी हितग्राहियो को इस योजना का लाभ देने हेतु चरणबद्ध तरीको से विभिन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में मां दुर्गा पंडाल की साज-सज्जा में जुटे भक्तजन, उत्साह का माहौल

- शारदीय नवरात्रि का तैयारियों में जुटे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर व प्रदेश में शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं व भक्तजनो में भारी उत्साह व भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। शहर व क्षेत्र में देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व मां दुर्गा पंडला में मूर्ति प्रतिमा स्थापित करने दुर्गा समितियों द्वारा भव्य तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। विशाल पंडाल का निर्माण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में साज-सज्जा तथा मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही शारदीय नवरात्रि व 11 अक्टूबर को अष्टमी तथा 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव की धूमधाम व हर्षोल्लास की तैयारियों में जुटें हुए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर व क्षेत्र के कुंभकार मां दुर्गा प्रतिमा की रंग-रोगन व साज-सज्जा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है तथा दूसरे ओर श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा पंडाल को भव्य व आकर्षित बनाने सुबह से देर रात तक मां दुर्गा पंडाल की तैयारियो में जुटे हुए है।



# प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व सचिव मयंक नियुक्त



- बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष व सचिव चयनित किया गया।
- प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर कार्यकारणी प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक रामशरण चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आहूत किया गया, कार्यक्रम का शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना व वंदन के पश्चात कार्यकारणी का निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया।

जिसमे सर्वसम्मति से कवर्धा शहर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व सचिव मयंक गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक पवन देवांगन, सहसयोजक ज्ञानेंद्र सिंह सभी के सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। रविवार को कवर्धा प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमे सर्वसम्मति से कवर्धा शहर अध्यक्ष के रूप में आशीष अग्रवाल व सचिव के रूप मे मयंक गुप्ता को चयनित किया गया।

आगामी कार्ययोजना के रूपरेखा तैयार करते हुए जिला स्तरीय कबीरधाम प्राइवेट स्कूल खेल उत्सव का आयोजन करने की योजना तैयार किया गया जिसमें विभिन्न शैक्षणिक स्तरों से विद्यार्थी को खेल, विज्ञान प्राद्योगिक और सांस्कृतिक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किया गया। माह नवंबर में जिस प्रतियोगिताओं का आयोजन तय हुआ जिस हेतु संयोजक के रूप मे पवन देवांगन और सह संयोजक के रूप मे ज्ञानेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया इस मीटिंग मे सपन चोपड़ा, पवन देवांगन, रामशरण चन्द्रवंशी, डॉ आदित्य चन्द्रवंशी, मयंक गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रेमलाल यदु, अश्वनी श्रीवास त्रिपाठी, नारायण साहू, प्रिंस बोथरा, अनिल कौशिक, संजय सिंग, मोहन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल सभी स्कूल संघ की उपस्थिति उक्त बैठक जगन्नाथ हॉस्पिटल में आयोजित की गई।

जिसमें कवर्धा शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, महाराणा प्रताप स्कूल, श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद स्कूल, ज्योति विद्या मंदिर, विनायक पब्लिक स्कूल, आर्यन पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के प्राचार्य और डायरेक्टर उपस्थित थे।

## कायस्थ समाज का रचनात्मक कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** कायस्थ समाज कवर्धा ने महिलाओ एवं छात्राओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया, जिसमें कायस्थ समाज की महिलाओं व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिसा लिया। कायस्थ समाज अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर बख्शी ने इस तरह के आयोजन को सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया व महिलाओ तथा छात्राओं के लिए यह रचनात्मक आयोजन किया गया। जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की इस कार्यक्रम में महिलाओ ने कुर्सी दौड़ एवं मेहंदी और मैचिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं बच्चो ने मेहंदी, कुर्सी दौड़ व रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को वरिष्ठ समाजसेवी एवं पुरातत्व लेखक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आदित्य श्रीवास्तव एवं समाज के सचिव संजय श्रीवास्तव, महिला समाज अध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आदित्य श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जो कोई कार्य हम कर रहे हैं उसे पूरी तन्मयता के साथ करें जिससे यदि आवश्यकता पड़े तो हम इस हुनर को जीवकोपार्जन के लिए भी उपयोग में ला सकें। कार्यक्रम के अतिथियों को आईसेक्ट शुभम कम्प्यूटर प्राचार्य संध्या गुप्ता ने स्मृति चिन्ह भेंट किया संचालक जागेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संस्था पुस्तक बैंक की स्थापना करने जा रही है, जिसे पुस्तक मेला से आरम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेदप्रकाश श्रीवास्तव, यश बक्शी, देवेंद्र श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, आर्यन श्रीवास्तव एवं आरती साहू का विशेष योगदान रहा।

# बढ़ती महंगाई की मार झेल रहे आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिक प्रदेश में बढ़ती महगांई की मार झेल रही है। आज बाजार में साग-सब्जी सहित लहसून व प्याज की दाम बढ़ने से आम नागरिक को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज बाजार में लहसून 400 रूपए प्रति किलो ग्राम बिक रही है, जिसे खरीदने के लिए आम नागरिक व ग्रामीण गरीब, मजदूर परिवार का पसीना निकल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार मजबूरन में लहसून खरीद रहें क्योंकि बिना लहसून की सब्जी में मिठास नहीं आता। जिस कारण क्षेत्र के गरीब परिवार इतना महंगा मे साग-सब्जी व लहसून मजबूरन ले रहं है।



पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

पर्यटन दिवस पर सियान जतन क्लब में प्रतियोगिता

# सीनियर सिटीजन समिति की चार दिवसीय विविध प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सियान सदन में सीनियर सीटीजन समिति सदस्यों के मध्य वृद्धजन दिवस के अवसर पर चार दिवसीय विविध प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम दिवस 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस को समस्त वरिष्ठ जन समिति के प्रदेश प्रतिनिधि एसएस जैन, अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव सीएस ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीपी सोनी व उपाध्यक्ष एसआर चन्द्रवंशी की गरिमामय उपस्थिति में कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस कैरम प्रतियोगिता सिंगल का प्रारंभिक खेल व क्वार्टर फाइनल गेम सम्पन्न हुआ। द्वितीय दिवस 28 सितम्बर को सियान सदन में प्रथम दिवस की शेष प्रतियोगिता का शुभारंभ शतरंज व कैरम प्रतियोगिता देर शाम तक जारी रहा।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह जयंती के अवसर पर इस माह जन्मदिवस वाले समस्त वरिष्ठजन सीनियर सिटिजन समति के सदस्यों का जन्मोत्सव समारोह पूर्वक सम्पन्न किया गया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में प्रमथ चक्र के प्रतियोगिता में तरूणेन्द्र अवस्थी व बीपी सोनी विजयी रहे। कैरम प्रतियोगिता सिंगल के क्वार्टर फाइनल उपरान्त प्रथम सेमीफाइनल मदनलाल तंबोली एवं सतीश कुमार यदु के मध्य खेला गया जिसमे श्री तंबोली विजयी रहें।

द्वितीय सेमीफाइनल पंकज सिंह ठाकुर व मुरली सिंह ठाकुर के मध्य आयोजित हुआ जिसमें पंकज सिंह ठाकुर विजयी। तथा रविवार 29 सितम्बर को मदन तंबोली अध्यक्ष सिनियर सीटिजन समिति व पंकज सिंह ठाकुर गतवर्ष के विजेता के मध्य फाइनल प्रतियोगिता कैरम सिंगल सम्पन्न हुआ जिसमें मदन तंबोली ने पंकज सिंह ठाकुर को पराजित कर कैरम प्रतियोगिता सिंगल फाइनल के विजेता बने तथा उप विजेता पंकज सिंह ठाकुर रहे।

कैरम प्रतियोगिता सिंगल फाइनल के निर्णायक सतीश यदु रहे। शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दौर में तरूणेन्द्र अवस्थी ने बीपी सोनी को पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया तथा फाइनल में एम चन्द्रा को पराजित कर शतरंज प्रतियोगिता में विजेता रहे वहीं एम चन्द्रा दूसरे स्थान पर उप विजयी। वहीं कैरम प्रतियोगिता डबल्स का प्रारंभिक मैच उपरान्त सेमीफाइनल पीके गुप्ता व एसके गुप्ता के साथ अशोक देवांगन व सतीश यदु के मध्य सम्पन्न हुआ। गुप्ता बंधु की जोड़ी सेमीफाइनल कैरम डबल में विजयी रहें। प्रतियोगिता के चौथे एवं अंतिम दिवस 30 सितम्बर को कैरम डबल्स प्रतियोगिता लाटरी पद्धति से सुनिश्चित पार्टनर पंकज सिंह ठाकुर व प्रकाश गुप्ता अपने प्रतिद्वन्दी मदन तंबोली व सुरेश गुप्ता के मध्य प्रातः 10 से प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता के विजेता श्री तंबोली व सुरेश गुप्ता रहें वहीं उप विजेता पंकज सिंह ठाकुर व प्रकाश गुप्ता रहे।

समस्त प्रतियोगिताओं में सबसे आकर्षक व रोमांचक प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में वरिष्ठ सदस्यों की प्रतिभागिता से सम्पन्न हुआ है। आठ प्रतिभागियों के बीच सुरीली कुर्सी दौड़ सम्पन्न हुआ जिसमें प्रथम स्थान सतीश यदु व द्वितीय स्थान पर मदन तंबोलीरहे तथा तीनो प्रतियोगिता के लिए क्रमशः आदित्य श्रीवास्तव, सोम प्रकाश वर्मा व राजेश पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही जिससे समस्त प्रतियोगिताएं निर्विवाद सम्पन्न हुआ।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग की जागरुकता पहल

**कवर्धा।** विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने एक गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। विभाग ने रेबीज बीमारी के बचाव और जागरूकता के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया है, जिसमें जिलेवासी भाग ले सकते हैं। यह पहल समुदाय में जागरूक करने और रेबीज के खतरे को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और सक्रिय रूप से भाग लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि प्रतिभागी इस लिंक के माध्यम से अपनी भागीदारी दर्ज कर सकते है। विश्व रेबीज दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने रेबीज बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया है। इस प्रश्नोत्तरी में जिलेवासी भाग लेकर अपनी जानकारी का परीक्षण कर सकते हैं। विभाग का यह प्रयास न केवल व्यक्तिगत जागरूकता को बढ़ाने के लिए है, बल्कि समाज में रेबीज से बचाव के उपायों को साझा करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और मिलकर इस गंभीर बीमारी के खिलाफ जागरूकता फैलाएं।

### मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन कल से 8 तक

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, विश्व विद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक स्थलों, विभिन्न समारोह आदि में नशामुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा द्वारा सर्व जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों को पत्र लेख किया गया है। जिससे नशापान करने की प्रवृत्ति हतोत्साहित हो तथा नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन आज

**कवर्धा।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ कार्यरत शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमिनार, जागरूकता शिविरों, वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय संरक्षण सम्बन्धी कार्यशाला, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के सम्बन्ध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल क्रीड़ा प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। 01 अक्टूबर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर नियमानुसार अपने अधीनस्थ कार्यालयों तथा स्वायत्त शासी संस्थाओं के माध्यम से कराने के लिए उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा द्वारा सर्व जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों को पत्र लेख किया गया है।

### स्वच्छता अभियान का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में भोरमदेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। माय भारत वालंटियर्स द्वारा मंदिर परिसर के आस-पास प्लासटिक एकत्रित कर उसका निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी ने सभी इस अभियान से जुड़कर इसका संदेश सभी तक पहुचाने का निवदेन किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक पुनीराम यादव, सूरज निर्मलकर, लखन यादव, भोरमदेव युवा मण्डल छपरी से भरत मेरावी, आदि उपस्थित थे।

**आदेश:** लोहारीडीह के मृतक की बेटी की याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दिया फैसला

# फिर खुलेगा शिवकुमार की संदिग्ध मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत 15 सितम्बर को जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहारीडीह निवासी शिव प्रसाद साहू की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक की बेटी द्वारा दायर एक याचिका में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय ने एक बड़ा फैसला देते हुए मध्यप्रदेश में केस फाईल करने की अनुमति दे दी है।

माना जा रहा है कि ऐसे में अब मृतक शिव प्रसाद साहू की संदिग्ध मौत का मामला एक बार फिर खुल सकता है क्योंकि मृतक की बेटी ने अपने पिता की हत्या किए जाने की आशंका जताई है और उनके शव का पुनः पोस्ट मार्टम कराए जाने की मांग की है।

जिस पर अब छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मध्यप्रदेश में पुनः मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि गत 15 सितम्बर को ग्राम लोहारीडीह निवासी शिव प्रसाद साहू का शव उसके गृह ग्राम से करीब 8-10 किलो मीटर दूर मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम बीजाभाट में एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर संदिग्ध अवस्था में लटका मिला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनो तथा स्थानीय ग्रामीणों ने शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया ही शिव प्रसाद की हत्या की आशंका जाहिर की थी और हत्या का आरोप लोहारीडीह के निवासी पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू तथा उनके परिजनो पर लगाया था।

लेकिन बालाघाट पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर इसे आत्महत्या करार दिया था। यहां बताना लाजिमी होगा कि इसी संदिग्ध मौत के बाद ही आक्रोशित ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच रघुनाथ के घर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी और उसके घर में आग लगा दी थी। जिसके पुलिसिया कार्यवाही में गिरफ्तार इसी गांव के निवासी प्रशांत साहू की जिला जेल में मौत हो गई। आरोप है कि प्रशांत साहू की मौत पुलिस की मार तथा प्रताड़ना से हुई है जिसकी जांच जारी है।

लेकिन जहां तक शिव प्रसाद की मौत की बात की जाए तो इस मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मृतक की बेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए संदिग्ध मौत के इस मामले में नए सिरे से जांच करने तथा मध्यप्रदेश में मामला दर्ज कराने की अनुमति दे दी है। जिससे पीड़ित परिवार बड़ी राहत के रूप में देख रहा है और उसे उम्मीद है कि उसे न्याय मिलेगा।




### गांव की बड़ी आबादी अब भी गायब

यहां बताना लाजिमी होगा कि लोहारीडीह काण्ड के बाद अभी गांव में सन्नाटा सा ही बसरा हुआ है। बताया जाता है कि करीब 600 की आबादी वाले इस गांव में घटना के बाद से आधे ग्रामीण गायब है। वहीं करीब सत्तर महिला पुरूष कवर्धा और दुर्ग जेल में है। वर्तमान में गांव में जो निवारत हैं उनमें अधिकांश बुजुर्ग और बच्चे ही हैं। जिनके सामने अब कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही है। हालांकि शासन-प्रशासन तथा साहू समाज द्वारा इन पीड़ितों को लगातार मदद पहुंचा रहा है। लेकिन ऐसे छोटे-छोटे बच्चे जिनके मां-बाप अभी जेल में हैं उन्हें इस तरह की मदद से कोई ज्यादा सरोकार नहीं है उन्हें अपने मां-बाप चाहिए। जिसका रास्ता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि बताया जाता है कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है उनमें फिलहाल जमानत मिल पाना मुस्किल दिखाई दे रहा है।



# शहर की सफाई व्यवस्था देख भड़के कलेक्टर

- कलेक्टर ने कचरे के ढेर पर जताई नराजगी, उचित प्रबंधन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को सुबह शहर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ठाकुर पारा, दर्री पारा, नवीन बाजार, काली मंदिर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कवर्धा नगर पालिका के वार्डों में साफ-सफाई पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शहर के अनेक स्थानों पर कचरे के ढेर देखकर नराजगी जाहिर की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कचरे के उचित प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ठाकुर पारा और दर्री के समीप कचरे के ढेर को साफ कराने और स्थल को स्वच्छ रखने निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने नाली की नियमित रूप से सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है, उन स्थानों को चिन्हांकित करते हुए वहां उचित प्रबंधन किया जाए जिससे ऐसी समस्याओं से स्थायी समाधान मिल सकें। उन्होंने नालियों के नियमित सफाई करने के निर्देश दिए ताकि जल का जमाव और गंदगी के समस्या से निपटा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने काली मंदिर के समीप स्वच्छता रखने और पेड़ के चारों तरफ जर्जर चौरा को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेड़ के किनारे दीवाल खड़ी करें और नागरिकों के बैठने के लिए चौरा का निर्माण करें। उन्होंने सुधा वाटिका पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# भारतीय किसान संघ के डोमन बने पुनः जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जलेश्वर महादेवघाट डोंगरिया के पावन धरा पर गत रविवार को भारतीय किसान संघ का सम्मेलन व जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन अर्चना व भगवान बलराम के तैलीय चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस जिला कार्यकारिणी चुनाव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह, सरंक्षक दानेश्वर सिंह परिहार, विहिप अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, पूर्व गोसेवा अध्यक्ष विशेसर पटेल उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के लिए डोमन चंद्रवंशी व जिला महामंत्री के लिए जीवन यादव को दायित्व सौंपा गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी के रूप में कामलेस चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी (खपरी), दिनेश चंद्रवंशी (नेउरगाव), जयराम चंद्रवंशी, सिद्धू चंद्रवंशी, अरविंद शर्मा, मनहरण कौशिक, सुंदर चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, तुलस धुर्वे, शिवनाथ चंद्रवंशी, बुलाकी चन्द्राकर, भोलाराम दिनकर साहू, केदार साहू, महिला प्रमुख में अदिति कश्यप व मंजू ठाकुर व सेवा सहकारी समिति का दायित्व गिरीद चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, लोकनाथ दोहरे, जलेश चंद्रवंशी, कुलेंद्र पटेल, परस वर्मा को दिया गया। इस अवसर पर डोमन चंद्रवंशी को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि किसी भी खेल को जिताने में सभी खिलाड़ी का योगदान महत्वपूर्ण होता है इसी प्रकार भारतीय किसान संघ के सभी सदस्य का संगठन में योगदान बराबर है कोई कम नही है। उन्होने कहा कि कभी-कभी 11 वे खिलाड़ी भी शतक लगाकर खेल को जीत लेता है वैसे ही मुझे दायित्व मिला जब तक प्रत्येक कार्यकर्ता व किसान भाइयों का सहयोग नही मिलेगा मैं अकेले कुछ नही कर सकता। कोई भी धरना प्रदर्शन मांग को पूरा करवाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होने कहा कि अध्यक्ष का काम दिशा निर्देश देना व टीम में आगे रहना है बाकी काम हम सभी को मिलकर करना होगा। इस कार्यक्रम के समापन में स्वच्छता अभियान चलाकर गाजर घास को हटाकर मेला प्रांगण स्थल को साफ किया गया। इस कार्यक्रम में सभी तहसील के वर्तमान अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत के तहत श्रमदान



**कवर्धा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर आज सुधा वाटिका कवर्धा में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम सभी मिलकर एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को हमेशा सजग रहना चाहिए। जिले के हर नागरिक, हर परिवार को भी अपने घर के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर समय-समय पर श्रमदान करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एंव संवर्धन के लिए समाज को भी आगे आने की जरूरत है। हमे प्लास्टिक, पॉलिथिन की उपयोगिता नहीं करना चाहिए। इसके जगह हमे कपड़े और जूट से बने थैला का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, तहसीलदार उपेन्द्र किंडो सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### जिले के शराब दुकानों में अहाता का किया जाएगा व्यवस्थापन

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम में संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों हेतु अनुज्ञप्तियों का लायसेंस वर्ष 2024-25 की शेष अवधि अर्थात 15 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च, 2025 तक की अवधि के लिए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, के अंतर्गत ऑन-लाईन पद्धति से निविदा के माध्यम से निष्पादित किए जाएंगे। अहातों के लिए अनुज्ञप्तियों के आबंटन के लिए 23 सितंबर 2024 से 07 अक्टूबर 2024 की सायं 05:30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में ऑन-लाईन भरे जाएंगे। चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला कलेक्टरद्वारा 10 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा।जिला अबाकारी अधिकारी श्रीमती आशा सिंह ने बताया कि जिले के 16 मदिरा दुकान देशी मदिरा दुकान कवर्धा टाऊन, विदेशी मदिरा दुकान कवर्धा टाऊन, देशी मदिरा दुकान मवेशीबाजार, विदेशी मदिरा दुकान मवेशीबाजार, देशी मदिरा दुकान बोड़ला, विदेशी मदिरा दुकान बोड़ला, देशी मदिरा दुकान पिपरिया, विदेशी मदिरा दुकान पिपरिया, देशी मदिरा दुकान पंडरिया प्रथम, विदेशी मदिरा दुकान पंडरिया द्वितीय, विदेशी मदिरा दुकान दशंरगपुर, देशी मदिरा दुकान कुण्डा, कम्पोजिट मदिरा दुकान रेंगाखार, कम्पोजिट मदिरा दुकान पोंड़ी, कम्पोजिट मदिरा दुकान कोदावागोड़ान एवं (16) कम्पोजिट मदिरा दुकान कुई के लिए अहाता का व्यवस्थापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# विपरीत मौसम में भी जिले में मूंगफल्ली की जबरदस्त पैदावार

## किसानों को फसल के अच्छे दामों की उम्मीद

- त्यौहारों को देख फसल जल्दी बेंच रहे है किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विपरीत मौसम के बावजूद इस वर्ष भी जिले में खरीफ की फसल के अंतर्गत आने वाली मूंगफल्ली की जबरदस्द पैदावार हुई है। जिसकी छलक इन दिनों बाजार में देखी जा सकती है। हालांकि किसानो की माने तो पैदावार अच्छी होने और बाजार में मूंगफल्ली की अच्छी आवक होने के कारण उन्हें अपेक्षा के अनुरूप फसल के दाम नहीं मिल पा रहें फिर भी जीत त्यौहारों में अपनी आर्थिक आवश्यकता को देते हुए फसल को निकाल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षो से अंचल के किसानो द्वारा खरीफ की फसल के अंतर्गत आने वाली मूंगफल्ली की खेती कर रहे हैं जिसमें उन्हें अच्छी सफलता भी मिल रही है। हर बार की तरह इस बार भी विपरीत परिस्थितियों में भी जिले में मूंगफल्ली की जबरदस्त पैदावार हुई है। मूंगफल्ली की पैदावार लेने वाले किसानो ने बताया कि इस समय फसल पक कर तैयार हो चुकी है और कई किसानो ने फसल की खुदाई भी प्रारंभ कर दी है। वहीं कुछ विलंभ से मूंगफल्ली की बोआई करने वाले किसान अभी कुछ समय और इंतजार करना बेहतर समझ रहे हैं। किसानो ने बताया कि इस साल फसल पकने के पूर्व अपेक्षा से ज्यादा बारिश हुई है ऐसे में किसानो को लग रहा था कि जमीन के नीचे मौजूद उनकी मूंगपल्ली की फसल बर्बाद हो गई है अथवा उत्पादन काफी कम होगा।

लेकिन अब जब समय आने पर किसान इसकी खुदाई कर रहे हैं तो फसल देखकर उनके चेहरे खिले हुए हैं। लेकिन किसानो की माने तो अच्छी फसल होने के कारण बार में इन दिनो बड़ी मात्रा में मूंगफल्ली पहुंच रही है और उन्हे अपेक्षा के अनुरूप कीमत नहीं मिल पा रही है। किसानों ने बताया कि कवर्धा कृषि उपज मण्डी में नई फसल 60-65 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। वहीं मण्डी की अपेक्षा खुले बाजार में इसकी कीमत करीब 80 रूपए है।

व्यापारी फसल की गुणवत्ता को देखते हुए फसल की बोली लगा रहे हैं जिसके चलते किसान दिनभर का इंतजार और फिजूल खर्च से बचने तथा कुछ अतिरिक्त आमदनी के लिए खुले बाजार में ही अपनी फसल बेंच रहे हैं।

### बाजार में मूंगफल्ली की अच्छी मांग

किसानो ने बताया कि पर्वो को देखते हुए इस समय मूंगफल्ली की अच्छी मांग बनी हुई है। थोक के अलावा फुटकर विक्रेता भी मूंगफल्ली की खरीदी कर रहे हैं। मूंगफल्ली उत्पादन करने वाले किसानो ने उम्मीद जताई है कि आने वाले कुछ दिनो बाद मूंगफल्ली के दामों में बढोत्तरी होगी। लेकिन वे आर्थिक समस्या को देखते हुए अपनी फसल को रोककर नहीं रख सकते। कुल मिलाकर जिले के किसानो ने अपनी मेहनत से मूंगफल्ली की बम्पर पैदावार तो की है लेकिन उन्हें अच्छे दामों का इंतजार है।

**दो अक्टूबर को रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा करने का लिया निर्णय**

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक में पहुंचे शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के शिक्षक संवर्ग के चार प्रमुख संगठन छग टीचर्स एसोसिएशन, शालेय शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एवं नवीन शिक्षक संघ को मिलाकर गठित छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा का जिला स्तरीय बैठक स्थानीय कर्मचारी भवन में किया गया। बैठक में आगामी दो अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में आयोजित सत्याग्रह पदयात्रा के तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालकों ने बताया कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्ण पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति, क्रमोन्नत वेतनमान, सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति एवं देय तिथि से मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर जिले के सैकड़ो शिक्षक दो अक्टूबर को रायपुर के पदयात्रा में शामिल होंगे। इस संबंध में प्रान्त, जिला, ब्लॉक व संकुल स्तर के पदाधिकारीगण सतत कार्य करते हुए तैयारी कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, अमित मिश्रा, वकील बेग मिर्जा, संतोष शर्मा, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, देवानंद चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, आनंद चन्द्रवंशी, वंदना तागड़े, पूनम धुर्वे, मुनव्वर बेग, दिनेश नामदेव, यशवंत कौशिक, बोधन कौशिक, इंद्रभूषण राय, मनोज कौशिक, मुरली झरिया, राजकिरण चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, दुर्गा चन्द्रवंशी, प्रकाश केशरवानी, उमेश चन्द्रवंशी, रामसिंह धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, ओमप्रकाश तिवारी, धरमु कुर्रे, हेमदीप निषाद, अरविंद कुंजाम, श्याम चन्द्रवंशी, संजीव शर्मा, योगेश चौरिया, अशोक देवांगन, लोकेंद्र चन्द्रवंशी, विभीषण वर्मा, प्रमोद वर्मा, शिव वर्मा, कन्हैया तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पिपरिया में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन 30 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 15 स्थित मंगल भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं का शिविर लगाया गया। जिसमे सभी स्वच्छता कर्मी सहित आम जन को लाभ शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लगभग 104 लोगों को शिविर के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर सीएमओ सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।